**Need to establish a Logistics Park in Rajgarh Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.-laid**

श्री रोडमल नागर **(राजगढ़) :**मेरा संसदीय क्षेत्र राजगढ़ (म.प्र.) कृषि प्रधान क्षेत्र है । यहाँ की 70% आबादी कृषि कार्य पर ही आधारित है । माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने राजगढ़ को आकांक्षी जिले में शामिल कर विकास के पथ पर अग्रसर किया है मोहनपुरा, कुंडालिया, रेशई आदि डैम बनने से क्षेत्र में कृषि और औद्योगिक कार्य हेतु जल पर्याप्त मात्रा में सुरक्षित है जिससे 3-50 लाख हेक्टेयर नवीन भूमि भी सिंचित हो रही है । क्षेत्र में चार चार राष्ट्रीय राजमार्ग एवं दो रेलवे लाइन का जंक्शन होने से परिवहन सुविधा भी क्षेत्र में चाक-चौबंद है भोपाल में एयर कार्गो भी स्वीकृत हो चुका है । मैं माननीय सड़क एवं परिवहन मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि कृषि एवं कृषि उत्पादों के भंडारण से लेकर अन्य उपयोगी सामान गंतव्य स्थान तक पहुंचाने हेतु क्षेत्र में एक लॉजिस्टिक पार्क विकसित करने की आवश्यकता है । क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग आगरा बॉम्बे रोड ब्यावरा में 1200 हेक्टेयर भूमि उद्योग हेतु आरक्षित है । लॉजिस्टिक पार्क कृषि क्षेत्र मे रुझान पैदा करके क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगारों को पलायन से रोकेगा एवं कृषि उत्पादन के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित होगा ।